Title: Need to provide financial assistance to the Government of Maharashtra for providing relief to the people affected by drought in Nasik district - Laid.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव): अध्यक्ष महोदय, महाराट्र में विशोतः नासिक जिले में शुरू शुरू में बारिश अच्छी हो गई। किसानों द्वारा अनाज खेत में बोया गया लेकिन 15-20 दिन बारिश न होने की वजह से बोया गया अनाज उगा नहीं और जो उगा वह सब नट हो गया। इसलिए नासिक जिले के पन्द्रह तहसील सूखे के चपेट में हैं। जानवर को पीने का पानी नहीं, चारा नहीं, मजदूरों को काम नहीं। इसलिए मजदूर लोग भूखे मर रहे हैं। किसानों की हालत बहुत खराब हो गयी है।

मेरी आपके माध्यम से विनती है कि भारत सरकार कृाि मंत्रियों को एक कमेटी भेजनी चाहिए और आर्थिक मदद देनी चाहिए, यही मेरी विनती है।